**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ :** निर्वाचन अधिकारी के बीमार पड़ जाने से गुरुवार को घोषित उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के सभापति और उप सभापति का चुनाव स्थगित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग इस चुनाव के लिए फिर से नई तिथि की घोषणा करेगा। चर्चा है कि भाजपा संगठन में सभापति के नाम पर आम सहमति नहीं बनने की वजह से चुनाव स्थगित करना पड़ा।

चुनाव के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया था। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर का कहना है कि चुनाव की अगली तिथि की घोषणा जल्द कराई जाएगी। मंत्री ने यह भी बताया कि आगरा सुरक्षित सीट से कोई सदस्य नहीं चुना गया था, इस सीट से फिरोजाबाद जिले के निवासी राकेश कुमार को सदस्य नामित किया गया है। शासन ने सहारनपुर के अभय चौधरी को भी सदस्य नामित किया है। गौरतलब है कि 11 जून को बैंक प्रबंध समिति के 13 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। सदस्यों की संख्या बढ़कर अब 15 हो गई है। उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त राजमणि पांडेय ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी के अस्वस्थ होने से चुनाव स्थगित करना पड़ा। दूसरी तरफ यह चर्चा है कि भाजपा संगठन में सभापति के नाम पर आम सहमति नहीं बन पाई है, जिसकी वजह से इस चुनाव को अभी टाल दिया गया है। जल्द ही सभापति के नाम पर आम सहमति बनाने की कोशिश की जाएगी।

**Publication Name:** Dainik Jagran

**Publication Date:** 19/06/2026

**Edition:** Panipat


**Page No:** 12

**CCM:** 143.53

New strength for export of organic products: Amit Shah

# जैविक उत्पादों के निर्यात को मिलेगी नई ताकत : अमित शाह

जागरण ब्यूरो ● नई दिल्ली : देश के सहकारी बैंकों, जैविक खेती और सहकारी निर्यात क्षेत्र को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा रोडमैप तैयार किया है।



अमित शाह ● जागरण आर्काइव

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठकों में सहकारी बैंकिंग प्रणाली को मजबूत बनाने, जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने एवं सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने वाली योजनाओं की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों को साझा डिजिटल प्लेटफार्म, साइबर सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक तकनीक को जल्द से जल्द अपनाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण सहकारी बैंकों से सहकार सारथी और शहरी सहकारी बैंकों से एनयूसीएफडीसी (नेशनल अर्बन कोआपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन) से जुड़ने की अपील की। जैविक खेती और सहकारी निर्यात पर जोर देते हुए अमित शाह ने नेशनल कोआपरेटिव आर्गेनिक्स लिमिटेड को जैविक किसानों से खरीद बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संस्था किसानों और उत्पादों की पहचान तथा मैपिंग करे और परीक्षण, प्रमाणन, गुणवत्ता एवं जैविक मानकों के पालन में किसानों को पूरा सहयोग दे।

**Publication Name:** Dainik Jagran
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Patna
**Page No:** 13
**CCM:** 135.05

The scope of work of the State Marketing Cooperative Federation will be the whole of Bihar

# राज्य विपणन सहकारी फेडरेशन का कार्यक्षेत्र संपूर्ण बिहार होगा

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना:** राज्य में सहकारिता आधारित विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ करने, किसानों एवं सहकारी संस्थाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारिता विभाग द्वारा बिहार राज्य विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड का गठन किया जा रहा। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य स्तरीय इस फेडरेशन का गठन प्रमंडल स्तरीय विपणन सहकारी संघों, व्यापार मंडल सहयोग समितियों तथा अन्य केंद्रीय सहकारी संस्थाओं को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। फेडरेशन किसानों, उत्पादक समूहों एवं सदस्य सहकारी संस्थाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं के संग्रहण, भंडारण, प्रसंस्करण, परिवहन, वितरण एवं विपणन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। सहकारी फेडरेशन का कार्यक्षेत्र संपूर्ण बिहार होगा। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि बिहार राज्य विपणन सहकारी फेडरेशन का गठन राज्य के सहकारी आंदोलन को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम है। इससे किसानों, उत्पादक समूहों और सहकारी संस्थाओं को अपनी उपज एवं उत्पादों के विपणन के लिए एक सशक्त राज्यस्तरीय मंच प्राप्त होगा। सरकार की मंशा है कि किसान केवल उत्पादन तक सीमित न रहें, बल्कि विपणन एवं मूल्य संवर्धन की प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। फेडरेशन की अधिकृत अंश पूंजी 500 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। सदस्यता शुल्क एक हजार रुपये निर्धारित किया गया है। फेडरेशन की सदस्यता प्रमंडल स्तरीय विपणन सहकारी संघों, व्यापार मंडल सहयोग समितियों, केंद्रीय सहकारी समितियों एवं केंद्रीय सहकारी बैंकों के लिए उपलब्ध होगी। निदेशक मंडल 17 सदस्यों का होगा, जिसमें एक अध्यक्ष, 13 निर्वाचित निदेशक तथा 3 पदेन/नामित निदेशक शामिल होंगे।

**Publication Name:** Dainik Jagran
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Panipat
**Page No:** 12
**CCM:** 38.32

Good response being received from banks regarding the digital platform

# डिजिटल प्लेटफार्म को लेकर बैंकों की ओर से मिल रही अच्छी प्रतिक्रिया

सहकारी बैंकों के लिए विकसित किए जा रहे डिजिटल प्लेटफार्म को लेकर बैंकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। सरकार स्वदेशी तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देते हुए ग्रामीण और शहरी दोनों प्रकार के सहकारी बैंकों के डिजिटल ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है। सहकारी बैंकों के लिए विशेष बैंकिंग डोमेन 'बैंक.इन' की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साइबर अपराध और डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने के लिए सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

**Publication Name:** Dainik Jagran

**Publication Date:** 19/06/2026


**Edition:** Ranchi

**Page No:** 12

**CCM:** 173.77

## Export of organic products will get new strength: Shah

# जैविक उत्पादों के निर्यात को मिलेगी नई ताकत : शाह



नई दिल्ली में गुरुवार को समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ( बाएं से दूसरे ) व अन्य ● एएनआइ

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : देश के सहकारी बैंकों, जैविक खेती और सहकारी निर्यात क्षेत्र को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा रोडमैप तैयार किया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठकों में सहकारी बैंकिंग प्रणाली को मजबूत बनाने, जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने एवं सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने वाली योजनाओं की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों को साझा डिजिटल प्लेटफार्म, साइबर सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक तकनीक को जल्द से जल्द अपनाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण सहकारी बैंकों से सहकार सारथी और शहरी सहकारी बैंकों से एनयूसीएफडीसी से जुड़ने की अपील की।

**सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने वाली योजनाओं की प्रगति का सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया आकलन**

जैविक खेती और सहकारी निर्यात पर जोर देते हुए अमित शाह ने नेशनल कोआपरेटिव आर्गेनिक्स लिमिटेड को जैविक किसानों से खरीद बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संस्था किसानों और उत्पादों की पहचान तथा मैपिंग करे और परीक्षण, प्रमाणन, गुणवत्ता एवं जैविक मानकों के पालन में किसानों को पूरा सहयोग दे। किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए मजबूत विपणन व्यवस्था विकसित की जाए। एनसीईएल को सहकारी उत्पादों के लिए वैश्विक बाजारों में नए अवसर तलाशने और सदस्य संस्थाओं के साथ व्यावसायिक जुड़ाव बढ़ाने का निर्देश दिया।

**Publication Name:** Dainik Bhaskar

**Publication Date:** 19/06/2026

**Edition:** Chandigarh

**Page No:** 5

**CCM:** 153.66

Bhaskar Exclusive: Three new plants will be set up in the state. Haryana prepares to make ethanol from multigrain-multifeed after sugarcane-stubble.

भास्कर एक्सक्लूसिव प्रदेश में तीन नए प्लांट लगेंगे

# हरियाणा में गन्ने-पराली के बाद मल्टीग्रेन-मल्टीफीड से भी एथेनॉल बनाने की तैयारी

सुशील भार्गव | चंडीगढ़

प्रदेश में गन्ने, पराली के बाद अब मल्टीग्रेन और मल्टीफीड से भी एथेनॉल बनाने की योजना है। इसके लिए सरकार ने करनाल, पानीपत और शाहाबाद शुगर मिल में एक-एक प्लांट का खाका तैयार किया है। बाद में कैथल में प्लांट लगाया जा सकता है। इनमें खराब या बचे हुए मक्का, गेहूं, चावल, मल्टी फीड, सी हैवी, बी हैवी से एथेनॉल बनाया जाएगा। इसे तेल कंपनियों को दिया जाएगा। यह पेट्रोल-डीजल में मिक्स होगा। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य साल 2032 तक रोजाना 690 किलोलीटर एथेनॉल उत्पादन का है।

**Publication Name:** Amar Ujala

**Publication Date:** 19/06/2026

**Edition:** Chandigarh

**Page No:** 14

**CCM:** 50.55

Amul's Saralabhen AI cited as an example... PM Modi cited Amul's developed 'Saralabhen' AI assistant as an example.

**अमूल के सरलाबेन एआई का दिया उदाहरण**...पीएम मोदी ने अमूल के विकसित 'सरलाबेन' एआई सहायक का उदाहरण दिया। यह वॉयस-आधारित प्रणाली महिला डेयरी किसानों को पशुधन प्रबंधन, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराती है। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का भी जिक्र किया और कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट सफलतापूर्वक पहुंचने वाला भारत पहला देश है। डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना, पीएम गतिशक्ति और अन्य पहलों के जरिए करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव आया है। भारत के यूपीआई से दुनिया के आधे रियल टाइम डिजिटल भुगतान हो रहे। मोदी ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल पहचान प्रणाली से लेकर बड़े डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म तक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**Publication Name:** Punjab Kesari
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 8
**CCM:** 186.43

National Roadmap for Cooperative Banking, Organic Products and Exports: Shah

# सहकारी बैंकिंग, जैविक उत्पादों और निर्यात के लिए बने राष्ट्रीय रोडमैप : शाह



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की सहकारी पहलों पर समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की। इन पहलों का उद्देश्य सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करना, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना और सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच को निर्यात के माध्यम से विस्तार देना है प्रमुख सहकारी बैंकिंग पहलों की समीक्षा के दौरान अमित शाह ने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को तकनीक अपनाने, बेहतर प्रशासन, साइबर सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, साझा सेवा मंच और बेहतर सेवा वितरण के माध्यम से मजबूत करने के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों की प्रगति की जानकारी ली। प्रस्तावित कोऑपरेटिव बैंक ऑफ इंडिया और भविष्य में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को सहयोग देने में उसकी भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

सहकारी बैंकों के लिए सहकार सारथी की तकनीक आधारित पहलों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि सहकारी बैंकों की ओर से साझा डिजिटल मंच और साझा सेवाओं को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों में स्वदेशी तकनीकी समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने और डिजिटल ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

सहकारी बैंकों के लिए समर्पित बैंकिंग डोमेन पहल बैंक डॉट इन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में तकनीक आधारित सेवाओं और डिजिटल समाधानों के व्यापक उपयोग के लिए जारी प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में सहकारी बैंकों में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन और साइबर सुरक्षा क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए म्यूलहंटर एआई को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) से जोड़ने के कार्य का भी संज्ञान लिया गया।

**Publication Name:** Punjab Kesari
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Jaipur
**Page No:** 11
**CCM:** 67.9

License of Shri Mahalakshmi Urban Co-operative Credit Bank in Karnataka cancelled

# कर्नाटक के श्री महालक्ष्मी अर्बन को-ऑप्रेटिव क्रैडिट बैंक का लाइसैंस रद्द

मुंबई, 18 जून (एजैंसी): भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) ने कर्नाटक स्थित श्री महालक्ष्मी अर्बन को-ऑप्रेटिव क्रैडिट बैंक का लाइसैंस उसकी खराब वित्तीय स्थिति के कारण रद्द कर दिया है। आर.बी.आई. ने कहा कि उसने कर्नाटक की सहकारी समितियों के पंजीयक से इस शहरी सहकारी बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का अनुरोध किया है।




केंद्रीय बैंक ने कहा कि परिसमापन की स्थिति में करीब 97.9 प्रतिशत जमाकर्त्ताओं को उनकी समूची जमा राशि 'जमा बीमा एवं ऋण गारंटी निगम' (डी.आई.सी.जी.सी.) से मिल जाएगी। रिजर्व बैंक ने लाइसैंस रद्द करने की वजह बताते हुए कहा कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और आय की संभावनाएं नहीं हैं और वह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रहा है।

**Publication Name:** Punjab Kesari
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Muzaffarnagar
**Page No:** 2
**CCM:** 184.32

National Roadmap for Cooperative Banking, Organic Products and Export: Amit Shah

# सहकारी बैंकिंग, जैविक उत्पादों और निर्यात के लिए बने राष्ट्रीय रोडमैप : अमित शाह

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की सहकारी पहलों पर समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की। इन पहलों का उद्देश्य सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करना, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना और सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच को निर्यात के माध्यम से विस्तार देना है प्रमुख सहकारी बैंकिंग पहलों की समीक्षा के दौरान अमित शाह ने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को तकनीक अपनाने, बेहतर प्रशासन, साइबर सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, साझा सेवा मंच और बेहतर सेवा वितरण के माध्यम से मजबूत करने के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों की प्रगति की जानकारी ली। प्रस्तावित कोऑपरेटिव बैंक ऑफ इंडिया और भविष्य में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को सहयोग देने में उसकी भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा हुई।



सहकारी बैंकों के लिए सहकार सारथी की तकनीक आधारित पहलों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि सहकारी बैंकों की ओर से साझा डिजिटल मंच और साझा सेवाओं को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों में स्वदेशी तकनीकी समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने और डिजिटल ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

सहकारी बैंकों के लिए समर्पित बैंकिंग डोमेन पहल बैंक डॉट इन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में तकनीक आधारित सेवाओं और डिजिटल समाधानों के व्यापक उपयोग के लिए जारी प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में सहकारी बैंकों में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन और साइबर सुरक्षा क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए म्यूलहंटर एआई को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) से जोड़ने के कार्य का भी संज्ञान लिया गया। इस पहल से उभरते डिजिटल खतरों से निपटने में सहकारी बैंकों की तैयारी मजबूत होने और डिजिटल सहकारी बैंकिंग सेवाओं में विश्वास बढ़ने की उम्मीद है।

अमित शाह ने क्षेत्रीय संस्थाओं के बीच सहयोग को मजबूत करने और साझा सेवा मंच में सहकारी बैंकों की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**Publication Name:** Rajasthan Patrika

**Publication Date:** 19/06/2026

**Edition:** Delhi

**Page No:** 2

**CCM:** 69.31

New Direction for India-US Agricultural Cooperation

# भारत-अमरीका कृषि सहयोग को नई दिशा

**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो** . अमरिका स्थित यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआइबीसी) ने इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी के नेतृत्व में गए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। बैठक में भारत और अमरीका के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, नवाचार आधारित कृषि नीतियों, खाद्य सुरक्षा और किसानों की समृद्धि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद यूएसआइबीसी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच पर कहा कि दिलीप संघाणी के नेतृत्व में हुए संवाद ने दोनों देशों के बीच कृषि सहयोग को नई ऊर्जा देने और साझा चुनौतियों के समाधान तलाशने का मार्ग प्रशस्त किया है। बैठक में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, उन्नत तकनीकों के उपयोग, भूमि स्वास्थ्य सुधार और किसानों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने माना कि भारत-अमेरिका सहयोग से कृषि क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी और किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

**Publication Name:** Haribhoomi
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 1
**CCM:** 95.75

## Roadmap for Digital Revolution in Cooperative Sector Ready, Emphasis on Connecting Cooperative Banks with Cybersecurity and Common Platform: Amit Shah

# सहकारिता क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का रोडमैप तैयार, सहकारी बैंकों को साइबर सुरक्षा और साझा प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर जोर: अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी बैंकिंग, जैविक उत्पादों और सहकारी निर्यात को मजबूत बनाने के लिए तैयार किए गए राष्ट्रीय रोडमैप की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सहकारिता क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने, साइबर सुरक्षा बढ़ाने, किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के सहकारी बैंकों को साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म, साइबर सुरक्षा प्रणालियों और साझा सेवाओं को जल्द से जल्द अपनाना चाहिए, ताकि वे आधुनिक बैंकिंग चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें। ▸▸ शेष पेज 7 पर



**Related News:**

| | | |
|---|---|---|
| **Publication Name:** Haribhoomi | **Publication Date:** 19/06/2026 | **Edition:** Delhi |
| **Page No:** 7 | **CCM:** 93.7 | |

In the Cooperative Sector...

## सहकारिता क्षेत्र में ...

अमित शाह ने निर्देश दिया कि ग्रामीण सहकारी बैंक 'सहकार सारथी' प्लेटफॉर्म से और शहरी सहकारी बैंक 'एनयूसीएफडीसी' से जुड़ें। इससे सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम, सुरक्षित और एकीकृत बनाया जा सकेगा। बैठक में साइबर सुरक्षा को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बताया गया कि मूल हंटर एआई को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के साथ एकीकृत किया जा रहा है। इससे सहकारी बैंकों की धोखाधड़ी पहचान क्षमता, जोखिम प्रबंधन व्यवस्था और साइबर सुरक्षा तैयारियां मजबूत होंगी। डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते दायरे को देखते हुए इस पहल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सहकार सारथी प्लेटफॉर्म के तहत आधार सक्षम भुगतान प्रणाली सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। इसके अलावा चुनिंदा सहकारी बैंकों में ई-केवाईसी सेवाएं भी लाइव हो चुकी हैं। सरकार ने अगस्त तक 100 सहकारी बैंकों को इस व्यवस्था से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम देश के सभी शहरी सहकारी बैंकों को एक साझा तकनीकी मंच पर लाने के लिए काम कर रहा है।

बैठक में 'को-ऑप मार्क', डिजिटल मार्केटप्लेस और अंतरराष्ट्रीय विस्तार रणनीति पर भी चर्चा हुई। सरकार का मानना है कि इन पहलों के माध्यम से सहकारी उत्पादों की एक अलग पहचान बनेगी, उनकी बाजार पहुंच बढ़ेगी और वे घरेलू तथा वैश्विक बाजारों में अधिक मजबूती से टिक पाएंगे।अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित संस्थाओं से तय समय सीमा के भीतर रोडमैप के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का आह्वान किया, ताकि सहकारिता आंदोलन को नई गति मिल सके और किसानों, ग्रामीण समुदायों तथा छोटे उद्यमों को इसका अधिकतम लाभ प्राप्त हो।

**Publication Name:** Haribhoomi

**Publication Date:** 19/06/2026

**Edition:** Delhi

**Page No:** 5

**CCM:** 986.19

Madhya Pradesh's Land Ready for Milk Revolution with Efforts of Dr. Mohan Yadav Government; Prosperity Arrives with Milk Revolution, Livestock Farmers are Happy

### डॉ.मोहन यादव सरकार के प्रयासों से प्रदेश की धरती दुग्ध क्रांति के लिए तैयार

# मध्यप्रदेश की धरती पर दुग्ध क्रांति से आई समृद्धि, पशुपालक हुए खुशहाल

## पशुपालकों को बड़ी राहत

मध्यप्रदेश में पशुपालकों और डेयरी व्यवसाय से जुड़े किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से पशुपालकों को आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के तहत पशुपालक बिना किसी जमानत के 1 लाख 60 हजार रुपए तक का लोन प्राप्त कर सकते है। इससे पशुपालकों को पशु खरीदने, चारा व्यवस्था करने, डेयरी व्यवसाय बढ़ाने और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आर्थिक सहायता मिल रही है। सरकार का मानना है कि पशुपालन और डेयरी गतिविधियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं। आसान ऋण सुविधा मिलने से छोटे और मध्यम पशुपालकों को अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिल रही है। इससे उनकी आय बढ़ रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी बन रहे हैं।

### *प्रतिदिन 12 लाख लीटर दूध कलेक्शन 1300 नई गौशालाओं का निर्माण*

मध्यप्रदेश में गौपालन की समृद्ध परम्परा को आगे बढ़ाते हुए अब डॉ. मोहन यादव सरकार मध्यप्रदेश को देश की दुग्ध क्रांति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। दुग्ध व्यवसाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह पशुपालकों के आर्थिक स्वावलंबन का माध्यम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों की समृद्धि के नये द्वार खुल रहे हैं। डेयरी सेक्टर में निवेश बढ़ाने के लिए कार्ययोजना सरकार आगे बढ़ रही है। इस सेक्टर में गाँवो में ही रोजगार की नई सम्भावनाएं मौजूद हैं। दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों और पशुपालकों की



आमदनी बढ़ाने सरकार अब मिशन मोड पर काम कर रही है। आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल में पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों की भागीदारी को बढ़ाया जा रहा है। पशुधन के स्वास्थ्य एवं उपचार की स्थानीय स्तर पर सुविधा मुहैया कराने के लिए ग्वालियर में पशुओं का केयर एंड वेलनेस सेंटर खोलने, ग्वालियर के पशु स्वास्थ्य एवं उपचार केन्द्र का उन्नयन करने तथा डबरा में नया पशु चिकित्सालय खोलने की घोषणा के साथ ही इस दिशा में काम शुरू हो चुका है।

## डेयरी उद्यमियों का बढ़ा मुनाफा

डेयरी उद्यमिता को एक लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक से जुड़े 'रोजगार सृजन मॉडल' के रूप में स्थापित करने के लिए हर स्तर पर काम जारी है। फलस्वरूप प्रदेश में 9 लाख लीटर प्रतिदिन कलेक्शन बढ़कर 12 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है। दूध कलेक्शन को 50 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। नस्ल सुधार, गौशालाओं को हाइटेक बनाने और स्वावलंबी बनाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। दो साल पहले तक प्रदेश में करीब 1800 गौशालाएं थीं। गौवंश सहायता राशि 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति गौवंश करने के बाद 1300 नई गौशालाओं का निर्माण हुआ है।

## देश में प्रदेश को प्रथम बनाना ही लक्ष्य

वर्तमान में मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन के मामले में देश में तीसरे स्थान पर है, सरकार का लक्ष्य प्रदेश को पहले स्थान तक पहुंचाना है। इस दिशा में शुरू किए गए प्रयास अब सफल होते दिखाई दे रहे हैं। प्रदेश में अब तक 1752 नई दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है। इसके साथ ही दुग्ध क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार द्वारा ग्वालियर डेयरी प्लांट के आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। शिवपुरी डेयरी प्लांट को फिर सक्रिय कर नया जीवन दिया गया है। वहीं, इंदौर में प्रतिदिन 3 लाख लीटर क्षमता वाले मिल्क पाउडर प्लांटकी शुरुआत की गई है। सरकार का मानना है कि इन ठोस प्रयासों से प्रदेश को दुग्ध उत्पादन और विपणन के क्षेत्र में नई पहचान मिल रही है और मध्यप्रदेश तेजी से देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है।

### गौशाला के लिए 10 लाख का अनुदान

हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और हर किसान, पशुपालक, दुग्ध उत्पादक को आत्मनिर्भर बनाने में डेयरी सेक्टर को मजबूत बनाया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन के जरिए आर्थिक स्वावलंबन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास हो रहा है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर दूध उत्पादन बढ़ाने की ओर कदम बढ़ा दिया है। नई-नई गौशालाएं खोली जा रही हैं। मात्र 25 गायों की गौशाला खोलने वाले पशुपालक को सरकार 10 लाख रुपए प्रति यूनिट सब्सिडी दे रही है।

### ऐसे आएगी दुग्ध क्रांति

देश में मध्यप्रदेश की दुग्ध उत्पादन हिस्सेदारी
**9.12 प्रतिशत**

देश में स्थान
**तीसरा**

वार्षिक दुग्ध उत्पादन
**2.13 करोड़ टन से अधिक**

नई दुग्ध सहकारी समितियां
**7000+**
**1752 नई गठित**

30 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का मिल्क पाउडर संयंत्र
**इंदौर में प्रारंभ**

**153 नए बल्क मिल्क कूलर स्थापित**

**Publication Name:** Haribhoomi
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 10
**CCM:** 75.8

## Amit Shah reviewed the National Roadmap

# अमित शाह ने राष्ट्रीय रोडमैप की समीक्षा की

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्री य स्तर की सहका री पहलों पर समीक्षा बैठकों की श्रृंखला की अध्यक्षता की। इन पहलों का उद्देश्य सहकारी बैंकिंबैं किं ग व्यवस्था को मजबूत करना, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना और सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच को निर्यात के माध्यम से विस्तार देना है। इन बैठकों में सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, नाबार्ड के अध्यक्ष श्री शाजी के.वी., मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रस्तावित को ऑपरेटिव बैंक ऑफ इंडिया (कोबी), सहकार सारथी प्राइवेट लिमिटेड, नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनयूसीएफडीसी), नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक लिमिटेड और नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमटेड सहित प्रमुख सहकारी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**Publication Name:** Loksatya
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 1
**CCM:** 155.17

Shah Says, Cooperative Banks Should Soon Adopt Cyber Security System

# शाह बोले, सहकारी बैंक साइबर सुरक्षा प्रणाली को जल्द अपनायें

- डिजिटल मार्केट प्लेस और अंतरराष्ट्रीय विस्तार से होगी सहकारी उत्पादों की पहचान



**नई दिल्ली, लोकसत्य।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सहकारी बैंकिंग, जैविक उत्पादों और सहकारी निर्यात को मजबूत करने के लिए बनाए गए राष्ट्रीय रोडमैप की समीक्षा की। गृह मंत्री ने उन उपायों की जानकारी दी, जिसके माध्यम से सहकारी क्षेत्र को विस्तार का मौका मिलेगा। को-आप मार्क, डिजिटल मार्केट प्लेस और अंतरराष्ट्रीय विस्तार से सहकारी उत्पादों की पहचान होगी। इसके जरिए सहकारी उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी और वे बाजार में मजबूती से टिक पाएंगे।

शाह ने कहा, सहकारी बैंक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म, साइबर सुरक्षा प्रणाली और साझा सेवाओं को जल्द से जल्द अपनाएं। ग्रामीण सहकारी बैंक 'सहकार सारथी' से और शहरी सहकारी बैंक एनयूसीएफडीसी से जुड़ें। गृह मंत्री ने सहकारी बैंकों को साइबर क्राइम से सचेत रहने की सलाह दी है। इसके लिए उन्होंने म्यूल हंटर. एआई का इस्तेमाल करने की बात कही है। इसे गृह मंत्रालय के I4C के साथ एकीकृत कर सहकारी बैंकों में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन और साइबर सुरक्षा की तैयारियों को मजबूत किया जा सकेगा।

**Publication Name:** Loksatya

**Publication Date:** 19/06/2026

**Edition:** Delhi

**Page No:** 5

**CCM:** 160.32


Progress of White Revolution-Two and World's Largest Food Storage Scheme Reviewed

# श्वेत क्रांति-दो और विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की प्रगति की हुई समीक्षा

नई दिल्ली, लोकसत्य।

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 'श्वेत क्रांति 2.0' और 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' की प्रगति का व्यापक मूल्यांकन पूरा कर लिया है। सरकार के 'सहकार से समृद्धि' विजन के तहत संचालित इन दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की नई नींव रखी है।

आधिकारिक मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, श्वेत क्रांति 2.0 के तहत अगले पांच वर्षों में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध खरीद को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके तहत देश की उन पंचायतों को लक्षित किया गया है



जो अब तक सहकारी नेटवर्क से बाहर थीं। योजना के तहत 75,000 नई डेयरी सहकारी समितियों (डीसीएस) की स्थापना की प्रक्रिया जारी है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्यबल से जुड़ी महिला डेयरी किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और डिजिटल भुगतान प्रणाली को मुख्य आधार बनाया गया है।

दूसरी ओर, देश में खाद्यान्न बर्बादी को रोकने और किसानों को

**● महत्वाकांक्षी योजनाओं ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की नई नींव रखी**

औने-पौने दामों पर फसल बेचने से बचाने के लिए 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' के पायलट चरण का सफल मूल्यांकन किया गया है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के स्तर पर नाबार्ड (नाबार्ड) और कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अभिसरण से देश भर में अत्याधुनिक गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। मूल्यांकन में पाया गया कि इस विकेंद्रीकृत वैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था से फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान में भारी कमी आई है।

**Publication Name:** Loksatya
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Chandigarh
**Page No:** 7
**CCM:** 159.87


Review of the Progress of White Revolution 2.0 and the World's Largest Grain Storage Scheme

# श्वेत क्रांति-दो और विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की प्रगति की हुई समीक्षा

नई दिल्ली, लोकसत्य।

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 'श्वेत क्रांति 2.0' और 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' की प्रगति का व्यापक मूल्यांकन पूरा कर लिया है। सरकार के 'सहकार से समृद्धि' विजन के तहत संचालित इन दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की नई नींव रखी है।

आधिकारिक मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, श्वेत क्रांति 2.0 के तहत अगले पांच वर्षों में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध खरीद को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके तहत देश की उन पंचायतों को लक्षित किया गया है



जो अब तक सहकारी नेटवर्क से बाहर थीं। योजना के तहत 75,000 नई डेयरी सहकारी समितियों (डीसीएस) की स्थापना की प्रक्रिया जारी है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्यबल से जुड़ी महिला डेयरी किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और डिजिटल भुगतान प्रणाली को मुख्य आधार बनाया गया है।

दूसरी ओर, देश में खाद्यान्न बर्बादी को रोकने और किसानों को

## महत्वाकांक्षी योजनाओं ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की नई नींव रखी

औने-पौने दामों पर फसल बेचने से बचाने के लिए 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' के पायलट चरण का सफल मूल्यांकन किया गया है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के स्तर पर नाबार्ड (नाबार्ड) और कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अभिसरण से देश भर में अत्याधुनिक गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। मूल्यांकन में पाया गया कि इस विकेंद्रीकृत वैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था से फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान में भारी कमी आई है।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 19/06/2026
Edition: Dehradun
Page No: 7
CCM: 159.87


Review of the Progress of White Revolution 2.0 and the World's Largest Grain Storage Scheme

# श्वेत क्रांति-दो और विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की प्रगति की हुई समीक्षा

नई दिल्ली, लोकसत्य।

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 'श्वेत क्रांति 2.0' और 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' की प्रगति का व्यापक मूल्यांकन पूरा कर लिया है। सरकार के 'सहकार से समृद्धि' विजन के तहत संचालित इन दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की नई नींव रखी है।

आधिकारिक मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, श्वेत क्रांति 2.0 के तहत अगले पांच वर्षों में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध खरीद को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके तहत देश की उन पंचायतों को लक्षित किया गया है



जो अब तक सहकारी नेटवर्क से बाहर थीं। योजना के तहत 75,000 नई डेयरी सहकारी समितियों (डीसीएस) की स्थापना की प्रक्रिया जारी है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्यबल से जुड़ी महिला डेयरी किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और डिजिटल भुगतान प्रणाली को मुख्य आधार बनाया गया है।

दूसरी ओर, देश में खाद्यान्न बर्बादी को रोकने और किसानों को

- **महत्वाकांक्षी योजनाओं ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की नई नींव रखी**

औने-पौने दामों पर फसल बेचने से बचाने के लिए 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' के पायलट चरण का सफल मूल्यांकन किया गया है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के स्तर पर नाबार्ड (नाबार्ड) और कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अभिसरण से देश भर में अत्याधुनिक गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। मूल्यांकन में पाया गया कि इस विकेंद्रीकृत वैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था से फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान में भारी कमी आई है।

Publication Name: Loksatya
Publication Date: 19/06/2026
Edition: Lucknow
Page No: 1
CCM: 155.61

Shah said, cooperative banks should adopt cyber security system soon

# शाह बोले, सहकारी बैंक साइबर सुरक्षा प्रणाली को जल्द अपनायें

- डिजिटल मार्केट प्लेस और अंतरराष्ट्रीय विस्तार से होगी सहकारी उत्पादों की पहचान



नई दिल्ली, लोकसत्य। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सहकारी बैंकिंग, जैविक उत्पादों और सहकारी निर्यात को मजबूत करने के लिए बनाए गए राष्ट्रीय रोडमैप की समीक्षा की। गृह मंत्री ने उन उपायों की जानकारी दी, जिसके माध्यम से सहकारी क्षेत्र को विस्तार का मौका मिलेगा। को-आप मार्क, डिजिटल मार्केट प्लेस और अंतरराष्ट्रीय विस्तार से सहकारी उत्पादों की पहचान होगी। इसके जरिए सहकारी उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी और वे बाजार में मजबूती से टिक पाएंगे।

शाह ने कहा, सहकारी बैंक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म, साइबर सुरक्षा प्रणाली और साझा सेवाओं को जल्द से जल्द अपनाएं। ग्रामीण सहकारी बैंक 'सहकार सारथी' से और शहरी सहकारी बैंक एनयूसीएफडीसी से जुड़ें। गृह मंत्री ने सहकारी बैंकों को साइबर क्राइम से सचेत रहने की सलाह दी है। इसके लिए उन्होंने म्यूल हंटर. एआई का इस्तेमाल करने की बात कही है। इसे गृह मंत्रालय के I4C के साथ एकीकृत कर सहकारी बैंकों में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन और साइबर सुरक्षा की तैयारियों को मजबूत किया जा सकेगा।

**Publication Name:** Loksatya
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Lucknow
**Page No:** 7
**CCM:** 159.87


Progress of White Revolution-Two and World's Largest Grain Storage Scheme Reviewed

# श्वेत क्रांति-दो और विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की प्रगति की हुई समीक्षा

नई दिल्ली, लोकसत्य।

केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 'श्वेत क्रांति 2.0' और 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' की प्रगति का व्यापक मूल्यांकन पूरा कर लिया है। सरकार के 'सहकार से समृद्धि' विजन के तहत संचालित इन दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की नई नींव रखी है।

आधिकारिक मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, श्वेत क्रांति 2.0 के तहत अगले पांच वर्षों में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध खरीद को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके तहत देश की उन पंचायतों को लक्षित किया गया है



जो अब तक सहकारी नेटवर्क से बाहर थीं। योजना के तहत 75,000 नई डेयरी सहकारी समितियों (डीसीएस) की स्थापना की प्रक्रिया जारी है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्यबल से जुड़ी महिला डेयरी किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और डिजिटल भुगतान प्रणाली को मुख्य आधार बनाया गया है।

दूसरी ओर, देश में खाद्यान्न बर्बादी को रोकने और किसानों को

- **महत्वाकांक्षी योजनाओं ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में ढांचागत सुधारों की नई नींव रखी**

औने-पौने दामों पर फसल बेचने से बचाने के लिए 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' के पायलट चरण का सफल मूल्यांकन किया गया है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के स्तर पर नाबार्ड (नाबार्ड) और कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अभिसरण से देश भर में अत्याधुनिक गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। मूल्यांकन में पाया गया कि इस विकेंद्रीकृत वैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था से फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान में भारी कमी आई है।

**Publication Name:** Amrit Vichar

**Publication Date:** 19/06/2026

**Edition:** Lucknow

**Page No:** 8

**CCM:** 101.56

Cooperative Rural Development Bank Chairman Election Postponed

# सहकारी ग्राम विकास बैंक के सभापति चुनाव स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के सभापति और उपसभापति का चुनाव गुरुवार को स्थगित कर दिया गया। आधिकारिक रूप से इसकी वजह निर्वाचन अधिकारी के अस्वस्थ होने को बताया गया है। अब उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग नई तिथि घोषित करेगा।

चुनाव के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया था। निर्वाचन आयुक्त राजमणि पांडेय ने बताया कि अधिकारी के बीमार होने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि चुनाव की अगली तिथि जल्द घोषित की जाएगी। हालांकि राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि भाजपा संगठन के भीतर सभापति पद को लेकर सहमति न बन पाने के कारण भी चुनाव टाले जाने की अटकलें लग रही हैं। माना जा रहा है कि शीर्ष स्तर पर सहमति बनने के बाद ही नई तिथि तय होगी। गौरतलब है कि 11 जून को बैंक की प्रबंध समिति के 13 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। बाद में दो सदस्यों के नामांकन के बाद अब कुल सदस्य संख्या 15 हो गई है। सभापति और उपसभापति चुनाव पर अब सभी की निगाहें टिकी हैं।

**Publication Name:** Deshbandhu
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Delhi
**Page No:** 10
**CCM:** 146.72

Preparation for Big Changes in the Cooperative Sector

# सहकारिता क्षेत्र में बड़े बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली,** 18 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की सहकारी पहलों को सुदृढ़ करने के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को आधुनिक बनाना, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना और भारतीय सहकारी उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

बैठक में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के.वी. सहित प्रमुख सहकारी संस्थानों (COBI, SSPL, NUCFDC, NCOL और NCEL) के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




■ अमित शाह ने की सहकारी बैंकिंग, जैविक उत्पादों व निर्यात के राष्ट्रीय रोडमैप की समीक्षा

सहकारिता मंत्री ने सभी सहकारी बैंकों को तकनीकी रूप से सक्षम और आधुनिक बनाने के लिए जल्द से जल्द साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म, साइबर सुरक्षा प्रणाली और साझा सेवाओं को अपनाने का निर्देश दिया।

**ग्रामीण और शहरी बैंकों के लिए विशेष निर्देश :** अमित शाह ने जोर देकर कहा कि सभी ग्रामीण सहकारी बैंकों को अनिवार्य रूप से 'सहकार सारथी' का सदस्य बनना चाहिए।

बैठक में बैंकिंग प्रणाली को सुरक्षित करने के लिए MuleHunter.AI को इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के साथ जोड़ने का संज्ञान लिया गया। इससे सहकारी बैंकों में डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर खतरों से निपटने की क्षमता मजबूत होगी।

**डिजिटल बैंकिंग का विस्तार :** 'सहकार सारथी' द्वारा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को सिद्ध करने के लिए सहकारिता क्षेत्र में तकनीक, सुदृढ़ गवर्नेंस और साइबर सुरक्षा का होना अनिवार्य है। आधुनिक बैंकिंग और वैश्विक बाजार तक पहुंच से हमारे किसानों और सहकारी समितियों की आय में ऐतिहासिक वृद्धि होगी।

**Publication Name:** Deshbandhu
**Publication Date:** 19/06/2026
**Edition:** Raipur
**Page No:** 9
**CCM:** 163.17

Preparation for big changes in the cooperative sector

# सहकारिता क्षेत्र में बड़े बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली,** 18 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की सहकारी पहलों को सुदृढ़ करने के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को आधुनिक बनाना, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना और भारतीय सहकारी उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

बैठक में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के.वी. सहित प्रमुख सहकारी संस्थानों (COBI, SSPL, NUCFDC, NCOL और NCEL) के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




■ **अमित शाह ने की सहकारी बैंकिंग, जैविक उत्पादों व निर्यात के राष्ट्रीय रोडमैप की समीक्षा**

सहकारिता मंत्री ने सभी सहकारी बैंकों को तकनीकी रूप से सक्षम और आधुनिक बनाने के लिए जल्द से जल्द साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म, साइबर सुरक्षा प्रणाली और साझा सेवाओं को अपनाने का निर्देश दिया।

**ग्रामीण और शहरी बैंकों के लिए विशेष निर्देश :** अमित शाह ने जोर देकर कहा कि सभी ग्रामीण सहकारी बैंकों को अनिवार्य रूप से 'सहकार सारथी' का सदस्य बनना चाहिए।

बैठक में बैंकिंग प्रणाली को सुरक्षित करने के लिए MuleHunter.AI को इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के साथ जोड़ने का संज्ञान लिया गया। इससे सहकारी बैंकों में डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर खतरों से निपटने की क्षमता मजबूत होगी।

**डिजिटल बैंकिंग का विस्तार :** 'सहकार सारथी' द्वारा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को सिद्ध करने के लिए सहकारिता क्षेत्र में तकनीक, सुदृढ़ गवर्नेंस और साइबर सुरक्षा का होना अनिवार्य है। आधुनिक बैंकिंग और वैश्विक बाजार तक पहुंच से हमारे किसानों और सहकारी समितियों की आय में ऐतिहासिक वृद्धि होगी।

Publication Name: Jagmarg
Publication Date: 19/06/2026
Edition: Chandigarh
Page No: 7
CCM: 180.68

Cooperative Banks Should Adopt Shared Digital Platform, Cybersecurity System as Soon as Possible: Shah

# सहकारी बैंक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म, साइबर सुरक्षा प्रणाली को जल्द से जल्द अपनाएं: शाह

**केंद्रीय गृह मंत्री ने सहकारी बैंकिंग, जैविक उत्पादों और सहकारी निर्यात को मजबूत करने के लिए बनाए गए राष्ट्रीय रोडमैप की समीक्षा की**

**जगमार्ग न्यूज**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की सहकारी पहलों पर समीक्षा बैठकों की श्रृंखला की अध्यक्षता की। इन पहलों का उद्देश्य सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करना, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना और सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच को निर्यात के माध्यम से विस्तार देना है।

इन बैठकों में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, नाबार्ड के अध्यक्ष श्री शाजी के.वी., मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सहित प्रमुख सहकारी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख सहकारी बैंकिंग पहलों की समीक्षा के दौरान श्री अमित शाह ने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को तकनीक अपनाने, बेहतर प्रशासन, साइबर सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, साझा सेवा प्लेटफॉर्म और बेहतर सेवा वितरण के माध्यम से मजबूत करने के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों की प्रगति की जानकारी ली। सहकारी बैंकों के लिए सहकार सारथी की तकनीक आधारित पहलों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में यह बात सामने आई कि सहकारी बैंकों की ओर से साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म और साझा सेवाओं को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों में स्वदेशी तकनीकी समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने और डिजिटल ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। सहकारी बैंकों के लिए समर्पित बैंकिंग डोमेन पहल की प्रगति की भी बैठक में समीक्षा की गई। सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में तकनीक आधारित सेवाओं और डिजिटल समाधानों के व्यापक उपयोग के लिए जारी प्रयासों पर भी चर्चा हुई। इस पहल से उभरते डिजिटल खतरों से निपटने में सहकारी बैंकों की तैयारी मजबूत होने और डिजिटल सहकारी बैंकिंग सेवाओं में विश्वास बढ़ने की उम्मीद है।

**Publication Name:** Lokswar

**Publication Date:** 19/06/2026

**Edition:** Bilaspur

**Page No:** 6

